# Gujarat Board Textbook Solutions Class 8 Hindi Chapter 9 उलझन-सुलझन

**अभ्यास**

**1. दिए गए शब्द के उत्तर मिले ऐसी पहेलियाँ बनाइए :**

**प्रश्न:**
**(1) पेड़**
**(2) आम**
**(3) बारिश**
**(4) हाथी**
**(5) मोर**
**(6) मोबाइल**
**(7) बादल**
उत्तर :
**(1)** जिंदा हूँ पर चलता नहीं,
बिन मोसम के फलता नहीं।
छाया सबको देता हूँ,
कीमत कुछ नहीं लेता हूँ। [पेड़]

**(2)** कहते हैं मुझको रसराज,
सभी फलों का मैं सरताज।
कोई चूस-चूसकर खाता,
कोई रस निकालकर पीता।
बतला दो यदि मेरा नाम,
तो पाओ अच्छा इनाम। [आम]

**(3)** अंबर से धरती पर आती,
रिमझिम-रिमझिम गाती-गाती।
दादी मेरी सागर की भाप,
बादल हैं मेरे माँ-बाप। [बारिश]

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(4)** मुँह जैसे गणेश भगवान,
पशुओं में सबसे बलवान।
पेड़ के पत्ते खाकर जीता,
दस-दस बाल्टी पानी पीता। [हाथी]

**(5)** सरस्वती माता का वाहन,
साँपों का मैं कट्टर दुश्मन।
घटा देख पागल हो जाता,
थिरक-थिरक कर नाच दिखाता। [मोर]

**(6)** छोटी-सी है मेरी काया,
मगर बड़ी बातों की माया।
बतलाइए खूब छुट्टी में,
दुनिया कर दी मुट्ठी में। [मोबाइल]

**(7)** तीन अक्षर का मेरा नाम,
पानी देना मेरा काम।
प्रथम कटे तो 'दल' बन जाऊँ,
अंत कटे तो 'बाद' बन जाऊँ।
मध्य कटे तो 'बाल' बनूँ मैं,
कर लो तुम सब मुझको याद। [बादल]

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in